हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 6 मई 2026

06 कलेक्टर की पहल : अस्पताल प्रतीक्षालय...



07 03 सब स्टेशन, 12 फीडर और 293...





## खबर संक्षेप

### उपार्जन में अनियमितता पर समिति प्रबंधक को दिया नोटिस

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बम्होरी (57410138), तहसील केसली के प्रबंधक सचेंद्र कुमार जैन को उपार्जन कार्य में अनियमितता के संबंध में उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के केसली क्षेत्र भ्रमण के दौरान चना एवं मसूर उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कृषकों की उपज की तुलाई निर्धारित मापदंड से अधिक की गई है। निरीक्षण के दौरान बोरियों की पुनः तुलाई कराए जाने पर चना/मसूर की मात्रा 50.720 किलोग्राम से 50.740 किलोग्राम पाई गई, जबकि जूट बारदाने के अनुसार अधिकतम 50.580 किलोग्राम तक ही तुलाई निर्धारित है। इस प्रकार प्रत्येक बोरी में लगभग 140 से 160 ग्राम अतिरिक्त मात्रा में तुलाई की गई है, जो निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए संबंधित प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस दिया गया तथा दो दिवस के भीतर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टिकरण संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने परसंबंधित समिति को उपार्जन कार्य से पृथक करने तथा ब्लैकलिस्टेड श्रेणी में रखने की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 7 को

**सागर।** जिला विकास सलाहकार समिति सागर की बैठक 7 मई को दोपहर 12 बजे से नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री एवं उपाध्यक्ष, जिला विकास सलाहकार समिति द्वारा की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति तथा जिले की पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जल प्रदाय की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही चिकित्सा महाविद्यालय सागर एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति तथा जिले में संचालित सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी।

### जनसुनवाई में हुई 215 आवेदनों पर कार्यवाही

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 215 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया, रजत सोनी, तहसीलदार राहुल गौड, संदीप तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

### भोपाल जाने वाली बसें 8 मई से मोतीनगर नए बस स्टैंड से भी शुरू होंगी

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में बस ऑपरेटर संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भोपाल जाने वाली बसें शुक्रवार 8 मई से मोतीनगर नए बस स्टैंड से भी शुरू होंगी, राहतगढ़ बस स्टैंड पूर्ण रूप से बंद होगा। उक्त निर्णय जिला प्रशासन एवं बस ऑपरेटर संघ की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तिगुरिया, बस ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष संतोष पांडे, अतुल दुबे सहित अन्य बस ऑपरेटर मौजूद थे।जिला प्रशासन एवं बस ऑपरेटर संघ की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भोपाल तरफ जाने वाली सभी बसें मोतीनगर नए बस स्टैंड से भी संचालित होंगी ।

किसानों से संवाद कर उपार्जन व्यवस्था सहित उपज एवं भाव की ली जानकारी

# कलेक्टर ने कृषि मंडी केसली और मां हरसिद्धी वेयर हाउस उपार्जन केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले में चल रहे उपार्जन कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन हेतु एन.एच.-44 सागर-नरसिंहपुर रोड स्थित ग्राम बरकोटी कला अंतर्गत माँ हरसिद्धी वेयर हाउस तथा कृषि मंडी केसली स्थित चना-मसूर खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों उपार्जन केन्द्रों पर चल रही खरीदी प्रक्रिया, उपलब्ध संसाधनों, बारदानों की पर्याप्तता, तौल व्यवस्था तथा अनाज के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती राजनंदनी शर्मा सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे।

कलेक्टर पाल ने माँ हरसिद्धी वेयर हाउस उपार्जन केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने किसानों से पंजीयन प्रक्रिया, एसएमएस प्राप्ति, तुलाई में लगने वाले समय तथा भुगतान व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने किसानों से यह भी पूछा कि उन्हें उपज विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हो रही है।

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में तौल कांटे



उपलब्ध कराने तथा सभी कांटों पर निरंतर तुलाई कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तुलाई प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि तुलाई के उपरांत प्रत्येक बोरी पर लगने वाली पर्ची में किसान कोड अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए, ताकि उपज की पहचान एवं ट्रैकिंग प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता हमेशा सुनिश्चित रहे।कलेक्टर ने आगामी मौसम में संभावित वर्षा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर लाई गई उपज को तिरपाल से ढककर सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जाए, ताकि अनाज को किसी प्रकार की क्षति न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि भंडारण स्थल पर जल निकासी एवं सुरक्षा व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रखे।

### कृषि मंडी केसली में खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कृषि मंडी केसली स्थित चना-मसूर खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तौल व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया और किसानों से उनकी उपज की गुणवत्ता, बाजार भाव तथा खरीदी प्रक्रिया के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने केसली केन्द्र पर भी तौल कांटों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा तौल प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए, ताकि उपार्जन कार्य सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो सके।



## मंदिर से दानपेटी चोरी का आरोपी गिरफ्तार नवरात्रि में कांच की पेटी देख बनाया प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

शिवाजी चौक पठार स्थित प्रसिद्ध महामंगला महाकाली मंदिर में दानपेटी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने रविवार और सोमवार की दरमियानी रात मंदिर में घुसकर दानपेटी तोड़कर नकदी चुरा ली थी। पुलिस ने चोरी की गई रकम भी बरामद कर ली है। घटना के बाद खुरई शहरी पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी के नेतृत्व में टीम बनाई गई और जांच शुरू की गई। पुलिस ने शहर में लगे सरकारी और निजी मिलाकर 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक युवक संदिग्ध नजर आया।

### पूछताछ में कबूला जुर्म

संदेह के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम सूरज पिता नारायण पटेल (19) निवासी टैगोर वार्ड बताया और चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में झालर लगाने आया था। उसी दौरान उसने दानपेटी में रखे पैसे देखकर चोरी की योजना बनाई। वारदात से एक दिन पहले भी उसने मंदिर के आसपास बैठकर रेकी की थी।

आरोपी ने घटना वाले दिन दो बार चोरी की कोशिश की, लेकिन पुलिस वाहन आने से सफल नहीं हो पाया। तीसरी बार उसने जाली से अंदर घुसकर पहले सीसीटीवी का प्लग निकाला और लाइट बंद कर दी, ताकि किसी की नजर न पड़े। इसके बाद दानपेटी तोड़कर पैसे निकाल लिए।

चोरी के बाद आरोपी ने रकम अपने घर के पास खड़ी एक कंडम कार की सीट के नीचे छिपा दी। सोमवार सुबह उसने 2500 रुपए निकालकर अपने दो दोस्तों के साथ शराब पी। पुलिस ने कार से 38,700 रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले भी एक चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है। यह उसकी दूसरी वारदात है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## निजी अस्पतालों की लापरवाही को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करेंगे मनी सिंग



**सागर।** बीते दिन सागर के मकरोनिया क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में एक महिला की मौत होने के बाद महिला के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए थे। वहीं कुछ लोगों ने मामले की शिकायत शिवसेना राज्य संगठक मनी सिंह गुरोन से भी की थी। घटना पर दुख जताते हुए मनी सिंह ने इस विषय को जांच के दायरे में लाते हुए जिला प्रशासन के संज्ञान में लाने की बात कही थी। गौरतलब है कि मनी सिंग लंबे समय से मकरोनिया क्षेत्र में संचालित कई प्राइवेट नर्सिंग होम द्वारा बरती जा रही लापरवाही के विरोध में उग्र अंदाज में है। उनका कहना है कि थोड़े से पैसे की लालच में अस्पताल प्रबंधन अपने कर्म और जिम्मेदारी से खिलवाड़ नहीं कर सकता। डॉक्टर को लोग भले ही भगवान कहते हैं लेकिन उनकी लापरवाही से किसी भी मरीज या आम व्यक्ति की जान जाना क्षमा योग्य नहीं हो सकता। मनी सिंह का कहना है की हर मामले में डॉक्टर को ही दोषी भी नहीं माना जा सकता क्योंकि कोई भी डॉक्टर नहीं चाहता कि उसके मरीज के साथ कोई अनहोनी हो। बाबजूद इसके जब इस तरह की घटनाएं घट जाती हैं, तो व्यवस्था कहीं ना कहीं संदेह के दायरे में जरूर आ जाती है। नर्सिंग होम के स्टाफ और व्यवस्थाओं की जांच हेतु जिला कलेक्टर से लेकर मानव अधिकार आयोग मध्य प्रदेश और जरूरत पड़ने पर दिल्ली जाने से भी पीछे नहीं हटूंगा। क्योंकि पिछले कुछ समय में निजी अस्पतालों में कई ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं जो कहीं ना कहीं डॉक्टरी पेसे पर सवालिया निशान लगा चुकी हैं,जिससे डॉक्टर और मरीज के बीच में बना बरसों का भरोसा धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। अगर यह क्रम ऐसे ही चलता रहा तो यह विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा,और लोग डॉक्टर के पास जाने से भी कतराएंगे। मनी सिंह बचपन से ही स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच रहे हैं और उन्हें इस पेसे की सभी बारीकियों का पूरा अनुभव है।

## खुरई में किसान का शव खेत में मिला : बेटा बोला-परिवार में जमीन के लिए झगड़ा चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

देहात थाना क्षेत्र के प्यासी गांव में एक किसान की मौत हो गई। 53 वर्षीय कलू पिता हरिराम रैकवार का शव उनके ही खेत में बने कच्चे मकान की दहलान में फंदे से लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद मृतक के परिजन ने आरोप लगाए हैं।

मृतक के बेटे विष्णु रैकवार ने पुलिस को बताया कि परिवार में पिछले काफी समय से जमीन को लेकर आपसी झगड़ा चल रहा था। रविवार की शाम को भी इसी मुद्दे पर विवाद हुआ था, जिससे उनके पिता काफी मानसिक तनाव में आ गए थे। बेटे का आरोप है कि इसी पारिवारिक विवाद और तनाव के चलते पिता ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

### पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा

घटना की सूचना मिलते ही खुरई देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल खुरई भेजा।

### मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजन के बयान दर्ज होने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि मौत की असली वजह क्या थी और क्या किसी ने उन्हें इसके लिए उकसाया था। फिलहाल, पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश कर रही है।

## सागर से सागर तक अभियान की शुरुआत सागर से, जल स्रोतों के संरक्षण पर फोकस

**सागर।** जल संकट के बढ़ते वैश्विक खतरे को देखते हुए सागर से सागर तक अभियान की शुरुआत सागर जिले से किए जाने की तैयारी है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल से हुई बैठक में अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में निर्देशक डॉ. तरुण कुमार बरौनिया, समाजसेवी शिक्षाविद अजय श्रीवास्तव, पर्यावरणविद रॉबिन सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिले की सभी नदियों, झरनों और छोटे जल स्रोतों का सूक्ष्म अध्ययन कर उनकी विस्तृत जानकारी एकत्रित करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए, ताकि बाद में उनका भौतिक सत्यापन किया जा सके। अभियान में श्री श्याम तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया है और संगठन के कार्यकर्ताओं को इससे जुड़ने का आह्वान किया है। जिले में अभियान का नेतृत्व जिला संयोजक भगवान दास पाठक करेंगे। अजय श्रीवास्तव ने नागरिकों से अपील की है कि जल संरक्षण के इस प्रयास को सफल बनाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अभियान में सहभागिता करें।




## भाजपा नगर मण्डल की मासिक बैठक संपन्न

**गढाकोटा।** गढ़ाकोटा रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी जिला सागर ग्रामीण के अंतर्गत गढाकोटा नगर मण्डल की आवश्यक मासिक बैठक सतानंद गौतम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठनात्मक एवं आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, पं. अभिषेक भार्गव, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष हरिनारायण पटेल, संजय दुबे सहित समस्त मण्डल पदाधिकारी एवं पार्षदगण की उपस्थिति रही।




**खुरई।** यादव समाज के सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह का संदीप यादव, वरिष्ठ पार्षद बलराम यादव, नपा अध्यक्ष नन्हींबाई अहिरवार और गब्बर यादव मंगलम गार्डन ने एक-एक कूलर भेंट कर स्वागत किया। फूल मालाओं के स्थान पर जरूरतमंदों के उपयोगार्थ सामग्री से स्वागत कराने के संकल्प के अनुसार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने चारों कूलर कार्यक्रम के मंच पर ही खुरई सिविल अस्पताल में मरीजों के उपयोग के लिए ब्लाक मेडीकल आफीसर रामजी सिंह ठाकुर को भेंट कर दिए।



## पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर गढ़ाकोटा में कार्यकर्ताओ ने जश्न मनाया

**गढाकोटा।** भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में प्राप्त प्रचंड बहुमत एवं ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में गढ़ाकोटा बस स्टैंड पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच हर्षोल्लास पूर्वक विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का मुंह मीठा कराया तथा खुशी साझा की। इस मौके पर अभिषेक भार्गव ने कहा कि यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, संगठन की मजबूत रणनीति, समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं देश की जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। यह जीत राष्ट्र निर्माण, विकास एवं सुशासन की नीतियों पर जनता की मुहर है।एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। और फटाके, ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया गया। इसमें नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, दिनेश लहरिया एवं पार्षदगण, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विद्यार्थियों की कॉपी रजिस्टर के कबर पेज सागर की सौन्दर्यगाथा से रूबरू कराएंगे

# निगमायुक्त खत्री के स्वच्छता नवाचरों से प्रभावित स्टेशनरी संचालक ने कॉपी रजिस्टर्स के कवर पेज पर शहर का सौंदर्यीकरण अंकित कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर शहर में किये जा रहे विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों की श्रृंखला हर किसी को आश्चर्य में डाल रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग पाने के उद्देश्य से लगातार ब्लैक स्पॉट समाप्त कर नये-नये आकर्षक सौन्दर्य स्थल विकसित किये जा रहे हैं। इसी प्रकार के विभिन्न सौन्दर्यीकरण कार्यों के छायाचित्रों से अंकित कॉपी रजिस्टर के कबर पेज विद्यार्थियों सहित सभी को सागर की सौन्दर्यगाथा से रूबरू करायेंगे। नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के नवाचारों से स्थानीय नागरिक प्रेरित होकर स्वच्छताकार्यों में अपने-अपने स्तर पर हॉथ बटाने के लिए आगे आ रहे हैं। निगमायुक्त खत्री के नवाचारों की श्रंखला में एक और नवाचार मंगलवार को जोड़ा गया, सागर के सिविल लाईन स्थित दीपक स्टेशनरी के संचालक द्वारा अपनी स्टेशनरी और होलसेल में विक्रय की जाने वाली कॉपी व रजिस्टरों के कबर पेज पर सागर शहर में किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों व दर्शनीय स्थलों के छायाचित्र प्रिंट कराकर शहर की सुंदरता को छात्र-छात्राओं के माध्यम से घर-घर पहुंचाने की तैयारी की गई है। मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में निगमायुक्त खत्री ने उक्त कॉपी रजिस्टरों के बंडल का रिबन खोलकर विमोचन किया और स्वच्छता से विद्यार्थियों



को अवगत कराकर जोड़ने के इस कार्य हेतु सराहना की। उन्होंने कहा की बच्चों के माध्यम से कही गई बातों का असर घर परिवार व अन्य जनों पर अधिक पड़ता है। अक्सर हम सब घरों पर देखते हैं की बच्चों की बातें विशेष ध्यान आकर्षित करती हैं स्कूली बच्चे अपनी कॉपी किताबो पर बने चित्रों, नेमचिट चित्रों आदि पर विशेष चर्चा आपस में और घरों पर उत्सुक्ता के साथ करते हैं, ऐंसे में सागर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी और शहर के सुंदर विकासकार्यों से जुड़े छायाचित्रों का रजिस्टर और कॉपियों पर अंकित किया जाना स्वच्छता कार्यों को घर-घर पहुंचाने की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा की पढ़ाई के दौरान बार-बार बच्चों की नजर इन चित्रों पर जायेगी और वे अपने शहर की सुंदरता से परिचित होंगे। उन्हें स्वच्छता की शिक्षा मिलेगी और बच्चों के साथ ही उनके परिवारों को भी स्वच्छता सुंदरता के प्रति जागरूक बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा की निगम प्रशासन सामाजिक सरोकार से इन रजिस्टर्स व कॉपियों का जरूरतमंद बच्चों में वितरण भी करेगा। निगम द्वारा संचालित 3आर सेंटरों एवं अन्य प्रकल्पों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों तक ये रजिस्टर्स व कॉपियां पहुचाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा की शिक्षा से जुड़ा दान महादान की श्रेणी में है। किसी जरूरतमंद को शिक्षा में आवश्यक मदद समय पर उपलब्ध हो जाये तो पूरा परिवार ही नहीं अपितु एक बड़ा शिक्षित संस्कारवार व समृद्ध समाज गढ़ने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। उन्होंने निगम प्रशासन में अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य जुड़े हुए सक्षम व्यक्तियों से अपील कर जनभागीदारी से अपने-अपने स्तर पर इस शिक्षादान के कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा की निश्चित ही सागर शहर आज जागरूक बना है और नागरिकों द्वारा आगे बढकर स्वच्छता में किये जा रहे सहयोग को आगे प्रोत्साहित किया जायेगा।

रजिस्टर कॉपी के विमोचन के दौरान सिद्धार्थ जैन ने कहा की मेरा वर्धमान नोटबुक उद्योग के नाम से कॉपी उद्योग है हम हर साल लाखों कॉपी रजिस्टर बनवाते और विक्रय करते हैं हमारे मन में वर्षों से व्यापार के साथ कुछ सामाजिक कार्य करने की भी इच्छा थी। एक दिन रास्ते से गुजरते हुए एक होर्डिंग देखी जिसमें सागर नगर निगम का जागरुकता अभियान का विज्ञापन देखा और उसमें सागर की सुंदर तस्वीरों ने हमें प्रभावित किया। तभी ये ख्याल आया कि क्यों ना अपने रजिस्टर कॉपी पर इस प्रकार के चित्र छापें जो सभी को सागर शहर और इसकी सुंदरता से परिचित करायें और शिक्षा सामग्री के माध्यम से भी लोगों को जागरुक किया जाए। और इसी मंशा से हमने अभी पहला लॉट प्रिंट कराया है यह कार्य आगे भी चलता रहेगा।

## खस की खुशबू, पानी की फुहार से मरीजों के परिजनों को मिलेगी हीट वेव से राहत

# कलेक्टर की पहल : अस्पताल प्रतीक्षालय बना देसी एसी रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जिला प्रशासन ने आमजन को राहत देने के लिये एक अनोखी और सराहनीय पहल की है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को हीट वेव और झुलसाने वाली गर्मी से बचाने के उद्देश्य से अनोखी पहल करते हुये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिला अस्पताल के प्रतीक्षालय को पारंपरिक देसी तकनीक से एसी रूम की तर्ज पर विकसित कराया है। इस विशेष व्यवस्था में प्रतीक्षालय के तीनों ओर बड़ी-बड़ी खस लगाई गई हैं, जिन पर लगातार पानी का छिड़काव कर पूरे परिसर को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने का प्रयास किया जाएगा।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की इस अभिनव पहल का उद्घाटन बुधवार को प्रदेश की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन के बाद यह विशेष प्रतीक्षालय आम लोगों के लिये खोल दिया जाएगा, जहां अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन बैठकर राहत महसूस कर सकेंगे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने भावनात्मक रूप से बताया कि जिस भीषण गर्मी में हम अपने घरो व कार्यालयों में ठंडक में रहते है। ऐसी गर्मी में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन अपने छोटे छोटे बच्चो के साथ हीट वेव का सामना करने को मजबूर रहते थे। इसी समस्या को देखते हुये अस्पताल के प्रतीक्षालय को देसी एसी रूम के रूप में परिवर्तित किया गया है। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह प्रयोगात्मक व्यवस्था तैयार की है, ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को खुले में गर्म हवाओं और तेज तापमान का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि प्रतीक्षालय में चारों ओर खस की मोटी परतें लगाई गई हैं, जिन पर फव्वारे के रूप में लगातार पानी की हल्की बौछार की जाएगी। इससे वातावरण में प्राकृतिक ठंडक बनी रहेगी और वहां बैठने वाले लोगों को ठंडी हवाओं का एहसास होगा। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला ने बताया कि प्रतीक्षालय में पानी की फुहार के लिये विशेष पाइपलाइन और स्प्रे सिस्टम लगाया गया है। इस व्यवस्था को इस प्रकार तैयार किया गया है कि कम संसाधनों में अधिक ठंडक उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि प्रतीक्षालय में केवल बैठने की ही नहीं बल्कि रात में विश्राम करने की भी व्यवस्था की गई है, ताकि दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजन सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में समय गुजार सकें। सिविल सर्जन डॉ. शुक्ला ने बताया कि गर्मी से राहत देने के लिये प्रतीक्षालय में ठंडे पेयजल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही साफ-सफाई और नियमित देखरेख के लिये अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस अभिनव पहल को लेकर अस्पताल आने वाले लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि अक्सर अस्पतालों में मरीजों के परिजनों को भीषण गर्मी में घंटों खुले में बैठना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। ऐसे में कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा की गई यह व्यवस्था राहत देने वाली साबित होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे तापमान और हीट वेव को देखते हुए शासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। इसी बीच कलेक्टर श्रोत्रिय की यह देसी और पर्यावरण अनुकूल पहल न केवल राहत देने वाली है, बल्कि अन्य जिलों के लिये भी प्रेरणादायक मॉडल बन सकती है।

## आनंदपुर भाटा में हादसे से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# टूटे हुए 11 केवी तार की चपेट में आने से 6 गोवंशों की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत भगतनगर कॉलोनी के आनंदपुर भाटा में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां टूटे हुए 11 केवी बिजली तार की चपेट में आने से 6 गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी की लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार बताते हुए नाराजगी जताई है।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात आई तेज आंधी और बारिश के दौरान भगत नगर कॉलोनी रोड स्थित आनंदपुर भाटा क्षेत्र में 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया था। मंगलवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने बिजली का तार जमीन पर पड़ा देखा तो इसकी सूचना तत्काल बिजली कंपनी के कर्मचारियों को दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद समय रहते बिजली सप्लाई बंद नहीं की गई। इसी बीच खेतों की ओर चरने गई करीब 6 गायें टूटे हुए बिजली तार की चपेट में आ गईं और करंट लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से उक्त लाइन के तार नीचे लटक रहे थे, जिसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग को दी गई थी, लेकिन सुधार कार्य नहीं कराया गया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते लाइन की मरम्मत कर दी जाती अथवा सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए जाते तो यह हादसा टल सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। इसके बाद बिजली आपूर्ति तत्काल बंद कराई गई तथा बिजली विभाग द्वारा लाइन सुधार का कार्य शुरू कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने बिजली विभाग से मृत गोवंशों के मालिकों को मुआवजा देने एवं जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# जनसंवाद व विश्वास ही सशक्त समाज की आधारशिलाः एसपी

### जनसुनवाई से बढ़ा जनता का भरोसा, शिकायतों में कमी




**टीकमगढ़।** जिला पुलिस द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निराकरण के उद्देश्य से संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम जिले में लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में संचालित यह पहल अब आमजन और पुलिस के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। कार्यक्रम के जरिए लोगों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है, जिससे न केवल शिकायतों का त्वरित समाधान हो रहा है बल्कि लोगों में सुरक्षा एवं संतुष्टि की भावना भी मजबूत हो रही है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया, जिससे पूरे आयोजन में विश्वासपूर्ण वातावरण दिखाई दिया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं रखने के लिये प्रेरित करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा ऐसे मामलों में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए त्वरित राहत उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जनसुनवाई व्यवस्था को केवल जिला मुख्यालय तक सीमित न रखते हुए थाना एवं चौकी स्तर तक विस्तारित किया गया है। इससे लोगों को अपने क्षेत्र में ही समस्याओं के समाधान की सुविधा मिल रही है तथा अनावश्यक आवागमन और समय की बचत भी हो रही है। पुलिस विभाग के अनुसार इस पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिले में प्राप्त शिकायतों की संख्या में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो पुलिस की सक्रियता, जवाबदेही और प्रभावी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जनसंवाद और विश्वास ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय मिले और वह स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संवेदनशीलता, और उत्तरदायित्व के साथ आमजन की सेवा के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# दिगौड़ा पुलिस का जुए के फड़ों पर छापा, 8 जुआरी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के सख्त निर्देशन में जिले की दिगौड़ा थाना पुलिस ने अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बम्होरी एवं रतनगुवां में संचालित जुए के फड़ों पर छापामार कार्रवाई की। दिगौड़ा पुलिस ने मौके से 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी सहित ताश के पत्ते जब्त किए हैं। वहीं कुछ जुआरी पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बम्होरी में पानी की टंकी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सोमवार शाम मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए 5 आरोपियों दीपक केवट, संतोष केवट, किशोरी केवट, मकुंदी केवट एवं नंदराम केवट निवासी बम्होरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 840 रुपए नगद जब्त किए।

इसके बाद पुलिस टीम ने दूसरी कार्रवाई ग्राम रतनगुवां भाटा स्थित भुनिया बाबा के पास की, जहां जुए का फड़ संचालित होने की सूचना मिली थी। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद कुछ जुआरी भाग निकले, जबकि पुलिस ने मौके से 3 आरोपियों राकेश कुशवाहा, रविन्द्र चढ़ार एवं जितेन्द्र वंशकार निवासी रतनगुवां भाटा को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से 52 ताश के पत्ते एवं 1000 रुपए नगद जब्त किए। आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। फरार जुआरियों की तलाश भी की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष मिश्रा, प्रधान आरक्षक विजय घोष, फूलचंद तिवारी, अनिल रिछारिया, आरक्षक नीलू राजपूत, अजीत सिंह, राघवेन्द्र लोधी, अंकित साहू एवं सचिन बाल्मीकि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध खनिज परिवहन पर जिलेभर में प्रशासन का शिकंजा

### तीन कार्रवाईयों में 2 डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाईयों में मंगलवार और सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से मुरम एवं एम-सेंड का परिवहन करते हुए दो डंपर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। सभी वाहनों को संबंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सौंपते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

खनिज अधिकारी विपुल रावत ने मंगलवार को झिरकी बगिया रोड पर कार्रवाई करते हुए एम-सेंड से भरे एक डंपर की जांच की। जांच के दौरान वाहन चालक खनिज परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर खनिज विभाग ने तत्काल डंपर को जब्त कर देहात थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा करा दिया। खनिज अधिकारी रावत ने बताया कि जिले में अवैध खनिज परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है और आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वहीं दूसरी कार्रवाई टीकमगढ़-झांसी हाईवे पर दिगौड़ा तहसीलदार प्राची जैन द्वारा की गई। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे ग्राम बर्माताल के पास मुरम से भरे एक डंपर को रोककर चालक से रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज मांगे गए। चालक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिस पर डंपर को जब्त करने की कार्रवाई की गई। इसी दौरान पुलिस के मौके पर समय से नहीं पहुंचने पर चालक डंपर लेकर ग्राम देवखा रोड की ओर भाग निकला। तहसीलदार प्राची जैन एवं उनके स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए डंपर एमपी 33 एच 1233 का पीछा किया और ग्राम देवखा की पहाड़ी पर वाहन को पकड़ लिया। बाद में मौके पर पहुंची दिगौड़ा पुलिस को डंपर सौंप दिया गया। बताया गया कि डंपर चालक बहादुर सिंह वाहन चला रहा था तथा वाहन मालिक बलबंत सिंह बुंदेला द्वारा बिना रॉयल्टी मुरम का परिवहन कराया जा रहा था। इसके अलावा सोमवार सुबह खनिज अधिकारी विपुल रावत द्वारा टीकमगढ़ की इंद्रपुरी कॉलोनी में एम-सेंड से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। जांच के दौरान चालक खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर देहात थाना पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। प्रशासन की लगातार कार्रवाईयों से अवैध खनिज परिवहन करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। खनिज विभाग ने साफ किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## युवक पर हमला, अपमान करने का लगाया आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों ने चिकन हंडी ढाबा, ग्राम रोड़ा के पास हुए इस विवाद में आरोप है कि दबंगों ने पहले अवैध रूप से पैसों की मांग की, विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और फिर धारदार हथियार, लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया। पीड़ित सानू करौसिया ने रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई नवनीत अपने साथियों के साथ खाना खाने चिकन हंडी ढाबे पर गया था। इसी दौरान उत्कर्ष साहू, अमन टिंकू, मोहित, अनीकेत, रवि कुशवाहा, विक्की पंथ, शिवम टिंकू, रुद्र, केशव सैनी, शिवम टिंकू उर्फ मुर्गा, आकाश परिहार समेत 5-6 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और अवैध रूप से पैसों की मांग की।

बड़ौराघाट स्थित बहादुरपुर समिति पहुंचकर सुरक्षित भंडारण पर दिया जोर

# गेहूं उपार्जन केंद्र पर निरीक्षण में कलेक्टर के सख्त दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बड़ौराघाट स्थित बहादुरपुर समिति के गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर किसानों के लिये की गई व्यवस्थाओं, गेहूं के भंडारण, परिवहन व्यवस्था तथा रिकॉर्ड संधारण का गहनता से जायजा लिया।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने उपार्जन केंद्र पर रखे गेहूं के ढेरों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से खरीदी की स्थिति एवं परिवहन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदे गए गेहूं का समय पर उठाव कराया जाए और उसके सुरक्षित भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मौसम अथवा अन्य कारणों से अनाज को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। किसानों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं तौल प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने केंद्र पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से खरीदी कार्य की प्रगति, प्रतिदिन हो रही आवक तथा परिवहन की गति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप उपार्जन कार्य पूरी पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाए। किसी लापरवाही अथवा अव्यवस्था सामने आने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसानों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि गेहूं के रखरखाव में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे शासन को किसी प्रकार की आर्थिक क्षति न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बड़ागांव जागरूकता अभियान में 25 चालकों को पहनाए हेलमेट

# हेलमेट केवल नियम नहीं, सुरक्षा का आधार: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा चलाया जा रहा हेलमेट जागरूकता अभियान लगातार प्रभावी रूप लेता जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की मंशा के अनुरूप मंगलवार को कस्बा बड़ागांव में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर यातायात नियमों के महत्व को समझाया।

कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे 25 चालकों को मौके पर ही हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया। वहीं यातायात नियमों का पालन करने वाले 15 जिम्मेदार वाहन चालकों को पानी की बोतल भेंट कर सम्मानित किया गया।

पुलिस की इस मानवीय पहल की लोगों ने सराहना की। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने वाहन चालकों से संवाद करते हुए कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण लोगों की जान चली जाती है, जिसे हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित रखना है। जो लोग नियमों का पालन कर रहे हैं उनका सम्मान करना और जो अभी जागरूक नहीं हैं उन्हें प्रेरित करना ही पुलिस की प्राथमिकता है।

### समझाइश भी दी गई

इसी संतुलित प्रयास से सुरक्षित और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, हेलमेट की उपयोगिता तथा यातायात नियमों के पालन से होने वाले लाभों के बारे में सरल और व्यवहारिक तरीके से जानकारी दी गई। वाहन चालकों को यह भी समझाया गया कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी केवल स्वयं के लिये ही नहीं बल्कि पूरे परिवार के लिये खतरा बन सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी पुलिस अधीक्षक द्वारा टीकमगढ़ शहर में 25 वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर जागरूक किया जा चुका है। जिले में चलाया जा रहा यह अभियान अब जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। इसमें एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी सूबेदार आर्या पाराशर, थाना प्रभारी बड़ागांव उप निरीक्षक जयेन्द्र गोयल आदि थे।

### बिजली समस्या को लेकर प्रदेश में सबसे अधिक विरोध प्रदर्शन वाला जिला श्योपुर

# 03 सब स्टेशन, 12 फीडर और 293 ट्रांसफ़ार्मर, फिर भी अंधेरा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कहने को तो श्योपुर जिला मुख्यालय प्रदेश का सबसे छोटा जिला मुख्यालयों में शामिल है. बड़े गांव जैसे इस शहर में बिजली व्यवस्था तीन सब स्टेशनों और 12 फीडर तथा 293 ट्रांसफार्मर के माध्यम से की जा रही है. अमला भी भरपूर है इसके बावजूद बिजली की समस्या से आमजन परेशान है. जिला मुख्यालय पर जितने प्रदर्शन बिजली की समस्या को लेकर होते हैं उतने शायद प्रदेश के किसी दूसरे जिले में नहीं होते हैं।

श्योपुर जिले में जब भी किसान खेतों में बोवनी करता है तभी से बिजली की समस्या को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन शुरू हो जाते हैं हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल अनुसार बिजली शहर के मुकाबले कम मिलती है लेकिन शहरी क्षेत्र में भी देखा जाए तो बिजली की समस्या लगातार बनी रहती है बिजली संधारण के नाम पर लगातार कटौती करना और अघोषित कटौती से शहरवासी परेशान बने रहते हैं बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को लोग इस समस्या को लेकर बार-बार फोन ना करें इस उद्देश्य से विभाग ने ही व्यवस्था बदलकर शिकायत ऑनलाइन करने की व्यवस्था कर दी है जो भोपाल में दर्ज की जाती है भोपाल में शिकायत तो दर्ज हो जाती है लेकिन उसका निराकरण तब ही होता है जब स्थानीय अधिकारी ध्यान देते हैं कई कई घंटे बाद समस्या का निराकरण होता है. कुल मिलाकर सारी व्यवस्था होने के बावजूद बिजली समस्या बनी हुई है.



#### गांव में चोरी हो रही बिजली, शहर वालों को भरना पड़ रहा बिल

जिला मुख्यालय से सटे कई गांव है जहां शहर से तार खींचकर बिजली चोरी की जा रही है इन गांव में चोरी की बिजली से न सिर्फ घर रोशन हो रहे हैं बल्कि खेतों की ट्यूबवेल भी चल रही है. आश्चर्य की बात यह है कि सैकड़ो की संख्या में तार जिला मुख्यालय से खींचकर गांव में ले जाते सबको दिख रहे हैं पर बिजली विभाग इन्हें देखकर भी अनदेखा कर रहा है शहर में से चोरी होने वाली इस बिजली का भार भी शहर वासियों पर ही पड़ रहा है बिजली कंपनी के लोग बिजली की खपत अनुसार बिल शहर वासियों को बढ़ाकर दे रहे हैं जिला मुख्यालय के किला गेट के पास, हरीजन बस्ती वार्ड 2, बंजारा डैम के ऊपर हसनपुर हवेली आदि ऐसे गांव है जहां से बिजली चोरी कर गांव में ले जाई जा रही है।

#### सलापुरा बनी अभिशप्त बस्ती

जिला मुख्यालय से सटी सलापुरा अभिशप्त बस्ती मानी जाती है. पाली रोड हाइवे किनारे दोनों और बसी इस बस्ती को जिला मुख्यालय से चंबल नहर विभाजित करती है अगर चंबल नहर ना हो तो यह बस्ती श्योपुर न सिर्फ शहर की बस्ती में शामिल होती बल्कि जिला मुख्यालय का मुख्य हिस्सा भी होता जहां से नगरपालिका शहर सुंदरता की योजना पर अमल कर सकता था. आज भी शहर का मुख्य बाजार यहीं पर लगता है व्यवसायिक रूप से समृद्ध यह बस्ती में हाइवे किनारे और शहर से सटी होने से व्यवसायिक बस्ती कहलाती है. शहर की कई दुकानें इस रोड किनारे लगी हुई है बड़ा व्यवसाय इस बस्ती में चलता है लेकिन सीमा विभाजन ने इसे न सिर्फ गांव का दर्जा दिया हुआ है बल्कि बिजली व्यवस्था भी ग्रामीण शेड्यूल अनुसार दी जा रही है जिससे पूरे जिले में सबसे कम बिजली इस बस्ती में आ रही है इस बस्ती के लोग असंख्य बार बिजली को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं गांव के सरपंच से लेकर सांसद और केंद्रीय मंत्री तक बिजली समस्या के समाधान का आश्वासन दे चुके हैं लेकिन आज भी सलापुरावासी बिजली के बार बार गुल होने और कम बोल्टेज आने की समस्या से दो चार हो रहे है।

#### इनका कहना...

शहर में बिजली की कोई समस्या नहीं है इन दिनों वर्षाकाल से पहले मेंटेनेंस का काम चल रहा है जिसके कारण परमिट लेकर बिजली बंद की जाती है उसकी सूचना उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर और अखबारों में समाचार प्रकाशित कर दी जा रही है. बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करेंगे

**एलएन पाटीदार**
**महाप्रबंधक बिजली कंपनी श्योपुर**

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने 135 आवेदकों की सुनी फरियाद,समस्याओं का किया निराकरण

# मार्गव्यय के लिए दी 5 हजार की आर्थिक सहायता मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा ने 135 आवेदकों की समस्या सुनते हुए उनका जल्द ही समाधान कराए जाने के निर्देश दिए। वहीं कुछ आवेदको की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी करवाया गया।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनसुनवाई के दौरान बालक अंशुमन की आंख कार उपचार कराने के लिए भोपाल आने जाने के लिए मार्गव्यय के रूप में रेडक्रॉस के माध्यम से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। दरअसल बालक के पिता ग्राम सांकुडली निवासी चंदन सिंह ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से भोपाल के अस्पताल में उपचार चल रहा है तथा भोपाल जाने के लिए मार्गव्यय की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर द्वारा 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर ने ग्राम हसनपुर हवेली निवासी मोहम्मद ईलियास को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। मोहम्मद इलियास द्वारा अपने पुत्र स्व. शादाब की बीमारी से मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसी प्रकार ग्राम पराछा निवासी मुन्नी बाई तथा ग्राम सोई निवासी कमलेश को उक्त योजना के तहत प्रस्तुत आवेदन पर परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि योजना के तहत राशि उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी गई थी, लेकिन हितग्राही का खाता अनपयुक्त होने से राशि का ट्रांसफर फेल हो गया है। कलेक्टर ने आवेदको को अवगत कराया कि वे नियमित खाता जो किसी बैंक शाखा में संचालित है, उसकी जानकारी श्रम विभाग को प्रदान करें, जिससे राशि का ट्रांसफर कराया जायेगा।कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनसुनवाई में आए प्रहलाद आर्य श्योपुर, रामदयाल बैरवा भंसुदंर का टपरा, मुख्तयार खा श्योपुर, रामचरण जाटव, फौरंती, कलावती, नटीबाई, शंकरलाल सेन बडौदा, कमली बाई बडौदा आदि के पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार लाभ प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये।

#### सब्जी मंडी क्षेत्र में साफ-सफाई के निर्देश

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा सब्जी मंडी निवासी सुनील मित्तल द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नगरीय निकाय के अधिकारियों को सब्जी मंडी क्षेत्र की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया जायें और सार्वजनिक स्थानों सहित सब्जी मंडी, बस स्टैण्ड आदि क्षेत्रो में साफ-सफाई की जायें। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हाइवे पर मिली बालिका के असली माता-पिता को पुलिस ने ढूंढ निकाला

### अपने माता-पिता की 6 वीं संतान है ढाई साल की मासूम बालिका

**श्योपुर।** नेशनल हाइवे 552 पर सोंईकलां के पास 18 अप्रैल को लावारिस मिली ढाई साल की मासूम बालिका के मामले का श्योपुर पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले की सातवीं आरोपी नर्स काजल को इंदौर जिले से अरेस्ट कर लिया है। नर्स काजल इंदौर जिले के चोरल उप स्वास्थ्य केन्द्र में बतौर नर्स पदस्थ बताई गई है। जिसे पुलिस रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। इसके पहले पुलिस इस मामले में छह आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेज चुकी है। वहीं पुलिस ने इस मासूम बालिका के असली माता पिता को भी ढूंढ निकाला है।

श्योपुर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि ढाई साल की मासूम बालिका अपने असली माता पिता की 6 वीं संतान है। जिसका जन्म नवंबर 2024 को हुआ था। इस बालिका को जन्म देने वाले माता पिता गरीब है,जो इंदौर ग्रामीण जिले के कुलदाना गांव के निवासी है। बालिका की माता ने इस बालिका को जिस अस्पताल में जन्म दिया था,वहां नर्स काजल ने बालिका के माता पिता से कहा कि तुम्हारे पहले से 5 संतान है और अब ये तुम्हारी 6 वीं संतान हो गई है। जिसका लालन पालन तुम कैसे करोगे, मैरे मुंह बोले भाई के कोई संतान नहीं है। इस बालिका को उसे गोद देगे। जहां उसकी अच्छी परवरिश होगी। माता पिता को अपनी बातो में फंसाकर नर्स ने छह दिन की बालिका को उनसे गोद देने के बहाने ले लिया और फिर एक लाख रूपए लेकर अपने सहयोगी पार्लर संचालितका की मदद से भोपाल निवासी दंपत्ती को दे दिया। इस नर्स के द्वारा एक अन्य बालिका को भी इस तरह बेचने की जानकारी सामने आई है। जिसके बाद उक्त डेढ साल की बालिका को दस्तयाव करके इंदौर के शिशुगृह में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने सोंईकलां निवासी सोनू आर्य को भी सम्मानित किया है। बता दें कि सोनू आर्य ने ही ढाई साल की बालिका को अपने घर के पास ही हाइवे से सुरक्षित उठाकर उसे पुलिस के हवाले किया था।



# कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब द्वारा ढेगदा, कलारना, सलापुरा स्थित आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीडीपीओ श्योपुर शहरी नितिन मित्तल एवं प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र कलारना-ए की कार्यकर्ता रूकमणी आदिवासी, सहायिका बर्फी बाई, कलारना-बी की सहायिका अश्वनी आदिवासी, कलारना-सी की सहायिका नीरू गुर्जर एवं ढेगदा-सी की सहायिका रामदुलारी जाटव अनपुस्थित पाये जाने पर पद से पृथक करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये है।

## दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदाय किया

**अशोकनगर।** ग्राम खैरोदा चक्क निवासी गन्तोबाई पुत्री रामचरण आदिवासी की मृत्यु होने पर सीबीएमओ डॉ. अजय जाटव सिविल अस्पताल मुंगावली द्वारा मृतिका के परिजन को 10 दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।



### श्रीरामधर्मशाला में मनाई गई नारद जयंती

# एक जुट रहकर राष्ट्र हित में अपने कर्तव्य का निर्वाह करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के गुलंबर स्थित श्रीरामधर्मशाला में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग के बैनर तले नारद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुकेश सिकरवार मुख्य वक्ता तथा वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद पारेता वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ नारद जी के छायाचित्र पर रोली चंदन पुष्प माला भेंट करने एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद सभी उपस्थित पत्रकारो का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि सृष्टि के आरंभ से सामंजस्य व लोकहित में कार्य कुशलता पूर्वक करने का दायित्व नारदजी ने निर्वाह किया और तब से यह अभिव्यक्ति के कर्तव्य का निर्वाह किसी तरह कोई ना कोई करता रहा है लेकिन लोकतंत्र(कलयुग) में उसी दायित्व का निर्वाह पत्रकार (प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक) बख़ूबी निर्वाह कर रहे हैं। वक्ताओ ने कहा कि उसकाल में नारद जी एक थे लेकिन अब पत्रकारों के रूप में अनेक लोगों द्वारा इस कर्तव्य का निर्वाह किया जा रहा है जिन्हें अब बदलते समय में मांग के अनुसार एकजुट रहकर जन व राष्ट्रहित में अपने कर्तव्य का निर्वाह करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन भास्कराचार्य टकसाली ने किया।



# सेवानिवृत्ति के तीन माह बाद भी नहीं मिली पेंशन, अब खटखटाएंगे कोर्ट का दरवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के पूर्व डीपीसी एवं श्री हजारेश्वर स्कूल श्योपुर के प्रिंसिपल रहे डॉ पीएस गोयल को सेवा निवृत्ति के तीन माह बीतने के बाद भी पेंशन नहीं मिल रही है. जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बार-बार चक्कर काटने के बाद भी पेंशन शुरू नहीं होने पर सेवानिवृत डीपीसी ने अब अदालत का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है. इस मामले में उन्होंने हाईकोर्ट में अपने वक़ील के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी सहित शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को नोटिस जारी करवा दिया है। श्योपुर जिले में करीब 2 साल तक डीपीसी के पद पर सेवाएं देने के उपरांत डॉ पीएस गोयल का ट्रांसफर श्योपुर से दूसरे जिले में कर दिया गया था बाद में शिक्षा विभाग ने उन्हें वापस श्योपुर भेज कर श्री हजारेश्वर स्कूल श्योपुर का प्रिंसिपल बना दिया था यहीं से वे सेवा निवृत होकर अपने घर चले गए, सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें जी.पी.एफ. एवं जी.आई.एस. का भुगतान तो विभाग ने कर दिया लेकिन 3 माह व्यतीत होने के बाद भी उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अर्जित अवकाश का भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया गया. बार-बार शिकायत करने, आवेदन लगाने के बाद भी जब पेंशन शुरू नहीं हो सकी दूसरे लाभ नहीं मिले तो उन्होंने इस मामले को हाई कोर्ट ले जाने का निर्णय लिया है जिसकी शुरुआत में वह डीईओ और डीपीसी को नोटिस जारी कराकर कर चुके हैं।

### सरकारी जमीन पर बनी पाटौर को अपनी बताने को लेकर हुआ विवाद,क्रॉस मामला दर्ज

# नहेलापुरा में आधी रात को दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 24 लोग घायल, इनमें 8 रेफर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर थाना क्षेत्र के बडागांव के अंतर्गत आने वाला नहेलापुरा गांव सोमवार की आधी रात को उस समय य़ुद्ध का अखाडा बन गया,जब गांव में सरकारी जमीन पर बनी पाटौर को अपनी बताने की बात को लेकर आपस में लाठी, कुल्हाडी लेकर भिड गए। काफी देर तक चला यह खूनी संघर्ष तब शांत हुआ,जब इस मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गई। लेकिन जब तक गांव में यह दोनो पक्ष के लोगो के बीच संघर्ष चला,तब तक गांव में रहने वाले लोग भयभीत बने रहे। इस खूनी संघर्ष के दौरान दोनो पक्ष के करीब 24 लोग घायल हो गए। जिनमें 8 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें रैफर कर दिया गया है। रैफर किए गए 8 घायलो में 5 लोग जाटव समाज के और 3 लोग रावत समाज के बताए गए है। वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में दोनो पक्ष के 41 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बडागांव के अंतर्गत ही नहेलापुरा गांव आता है,जहां सरकारी जमीन पर एक कच्ची पाटौर बनी है। इस पाटौर को गांव में ही रहने वाला मुकेश रावत के परिवार के लोग अपनी बता रहे है। वहीं वीरपुर में रहने वाले धारा सिंह जाटव के परिवार के लोग भी इसी पाटौर अपनी बता रहे है। इसी बात को लेकर दोनो पक्ष के लोगो के बीच सोमवार की रात को कहासुनी हो गई। यह कहासुनी तब और बढ गई कि जब धारा सिंह जाटव के परिवार के लोग वीरपुर से एकत्रित होकर नहेलापुरा पहुंच गए। जिन्हे देखकर मुकेश रावत के परिवार के लोग और रिश्तेदार भी एकत्रित होकर मौके पर आ गए। देखते ही देखते दोनो पक्ष के लोगो के बीच विवाद हो गया और लाठी कुल्हाडी लेकर दोनो पक्ष के लोग एक दूसरे पर टूट पडे। रात 11 बजे के बीच हुए इस खूनी संघर्ष को देखकर गांव के लोग भयभीत हो गए।

#### एक पक्ष से 21 तो दूसरे पक्ष से 3 लोग घायल

इस खूनी संघर्ष के दौरान धारा सिंह जाटव के पक्ष की तरफ से महिला और पुरूषो समेत 21 लोग घायल हो गए। वहीं मुकेश रावत पक्ष की ओर से 3 लोग घायल हो गए है। पुलिस के मुताबिक धारा सिंह जाटव पक्ष के जो 21 लोग घायल हुए है,उनमें महिलाए भी घायल हुई है। 21 में से 8 घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें वीरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से रैफर कर दिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से जो तीन लोग घायल हुए है,उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। जिसके चलते उन्हे भी रैफर कर दिया गया है। इस विवाद के बाद गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

#### दोनों तरफ से 43 लोगों पर क्रॉस एफआईआर दर्ज

वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दोनो पक्ष के 43 लोगो के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। जिनमें एक पक्ष के 22 तो दूसरे पक्ष के 21 लोग शामिल है। पुलिस के मुताबिक एक पक्ष के फरियादी धारा सिंह जाटव पुत्र भौरू जाटव निवासी वीरपुर की रिपोर्ट पर रामनिवास रावत, रामसिंह रावत, शिवचरण,श्रीनिवास रावत, मायाराम रावत, मुकेश रावत, आकाश रावत, रामअवतार रावत, लखन रावत, दिनेश रावत, बट्टो रावत, रामबाबू, लालपति रावत, बंटी, लक्षी रावत,लालसिंह निवासीगण नहेलापुरा, मातादीन रावत, केदार रावत, वीरसिंह रावत, प्रीतम रावत, बदनसिंह, विजयसिंह रावत निवासीगण पाँचोलियापुरा के खिलाफ मारपीट,बलवा और एससीएसटी एक्ट की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी मुकेश पुत्र शिवचरण रावत निवासी नहेलापुरा बडागांव की रिपोर्ट पर धारा सिंह, रामजीलाल जाटव, रामप्यारी जाटव, शतीष जाटव, संजो जाटव, सुरेन्द्र जाटव, करिष्मा जाटव, अशोक, रामरति, समीना जाटव, रामकटोरी जाटव, भौंरू जाटव, नर्मदा जाटव, रामअवतार जाटव, वीरसिंह जाटव, अभिषेक जाटव, राजश्री जाटव, राजेन्द्र जाटव, हल्की जाटव, रामवीर जाटव, हैमा जाटव निवासीगण वीरपुर के खिलाफ मारपीट और बलवा की धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### इनका कहना...

दोनो पक्ष के लोग सरकारी जमीन पर बनी पाटौर पर अपना अपना दावा कर रहे है। इसी बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ है। विवाद के दौरान घायल हुए लोगो को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचवा दिया है। दोनो पक्ष के 43 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**महाराज सिंह वघेल**
**थाना प्रभारी,वीरपुर**

# वेतन रोकने के मामले मे डीईओ का यू टर्न, बीईओ से किया जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिक्षकों के वेतन रोकने के मामले में अब नया ट्विस्ट तब आ गया जब जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने श्योपुर एवं विजयपुर बीईओ को नोटिस जारी करते हुए उन शिक्षकों का वेतन रोकने के संबंध मे जवाब तलब किया है जिन्होंने अपनी सेवा पुस्तिका अपडेट कर ली है, ऐसे शिक्षकों का वेतन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए हैं. ज्ञात हो कि सोमवार को डीईओ कार्यालय से जारी हुए आदेश के खिलाफ शिक्षक संगठन लमबंद हो गए थे और उन्होंने इसकी शिकायत भोपाल तक करते हुए जनगणना जैसे महत्वपूर्ण काम को प्रभावित करने के चेतावनी दे डाली थी. डीईओ यश जेन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर एवं विजयपुर (डीडीओ) को जारी किए गए नोटिस मे उल्लेख किया है कि एजुकेशन पोर्टल पर लोक सेवकों की ई-सेवा पुस्तिका में जानकारी दर्ज न होने एवं पोर्टल पर जानकारी लॉक न होने के कारण कार्यरत लोक सेवक की ई-सेवा पुस्तिका लॉक होने तक माह अप्रैल 2026 के वेतन पर रोक लगायी गई थी, आदेश अन्तर्गत यह स्पष्ट किया गया था, कि यह रोक केवल लोक सेवक द्वारा अपनी व्यक्तिगत जानकारी लॉक न किये जाने तक प्रभावशील होगी। इसके बावजूद संज्ञान में आया है कि आज दिनांक तक श्योपुर जिले में कार्यरत शिक्षकों का वेतन भुगतान नही किया गया है, जबकि अधिकांश लोक सेवकों (श्योपुर विकास खण्ड में 1246, विजयपुर विकास खण्ड में 660, कराहल विकास खण्ड में 10 इसप्रकार कुल 1916) द्वारा अपनी ई-सेवा पुस्तिका लॉक की जा चुकी हैं. आपके द्वारा आज दिनांक तक ऐसे लोक सेवक जिनके द्वारा ई सेवा पुस्तिका लॉक की जा चुकी है, का वेतन भुगतान क्यों नही किया गया है? ऐसी स्थिति निर्मित किये जाने के लिए आप व्यक्तिशः जिम्मेदार है। साथ ही निर्देशित किया जाता है कि ऐसे लोक सेवकों का तत्काल माह अप्रैल 2026 का वेतन भुगतान करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। डीईओ के इस आदेश के जारी होने के बाद बीईओ ऑफिस में मंगलवार को देर शाम तक ऑफिस खुलने और वेतन पत्रक बनाने का काम होते देखा गया।

#### इनका कहना

सभी शिक्षकों से अनुरोध है कि मंगलवार को डीईओ एवं बीईओ के प्रयास से वेतन पत्रक भर लिए गए हैं बुधवार तक सभी शिक्षकों के खातों में ट्रेजरी खुलते ही वेतन ट्रांसफर कर दिया जाएगा कृपया सभी शिक्षक जनगणना के अपने कार्य में लगे रहें परेशान ना हो

**रामचरित रावत**
**जिलाध्यक्ष राज्य अध्यापक संघ श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम डंगाई अंतर्गत कृष्णपाल अहिरवार निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक रघुवंशी और उमेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी विकास आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल आदिवासी, छोटू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत त्रिलोकपुरी निवासी विकास रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रियंका जाटव, वंदना दुवे ने उससे मारपीट की और उसकी बाईक तोड़ दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम व्यानी निवासी लक्ष्मण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहनसिंह, भानू, भैयासाब, शिवकुमार और आकाश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मोहन सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लक्ष्मण, भूपेन्द, लेखराज, पप्पू, कृष्णपाल, टीकाराम, नारायण यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी रिजवान खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नसीर खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर निवासी वीरपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी केदार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोराकला निवासी रमेशचंद्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद, घनश्याम लोधी व अन्य दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिवला निवासी राहुल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पर्वत आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शिक्षिका ने की शासकीय कार्य में बाधा की रिपोर्ट

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम केनवारा में पदस्थ शिक्षिका सपना पुत्री जयराम पाण्डेय प्राथमिक शिक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विकास अहिरवार निवासी केनवारा ने उसका रास्ता रोककर शासकीय कार्य में बाधा पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम ओडिला में पुलिस ने तेजा केवट के पास से 84 लीटर हाथ भटी की कच्ची शराब और एक बाईक जिसका नंबर एमपी 67 एम 4465 को जप्त किया है। ईसागढ पुलिस ने ही ओडिला निवासी अमर आदिवासी से 7 लीटर, और कालू राम आदिवासी से 7 लीटर तथा पिपरौदा निवासी रामस्वरूप आदिवासी से 60 लीटर और ईसागढ निवासी पंवन कुशहव के पास से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

# कई घंटे की बारिश के साथ गले हुए ओले भी गिरे, बिजली गुल बनी रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को दोपहर बाद शहर के आकाश में फिर मौसम मे बदलाव देखा गया। देखते ही देखते काली घटाएं आकाश पर छा गईं, शाम 4.30 बजे के बाद बारिस का दौर शुरू हुआ जो एक घंटे तक चलता रहा, इस दौरान चने के आकार के गले हुए ओले भी गिरे। बारिस के शुरू होते ही शहर में बिजली गुल हो गई जो वर्षा शुरू होने से लगातार कई घण्टे से अधिक समय तक नदारत रही। अशोकनगर जिले में मौसम में यह बदलाव इस सप्ताह में तीसरी बार हुआ है, जिसके बाद ऐसा लगने लगा है कि वर्षा काल की शुरूआत हो गई है, रोज रोज ठण्डी हवाएं, आंधी और बारिस होने के कारण लोगों ने गर्मी से जहां राहत महसूस की है वहीं दूसरे ओर शादियों के इस मौसम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कब मौसम करवट बदल ले कोई भरोसा नहीं है, जिसके कारण शादी आयोजक भी बारिस बचने के लिए इंतजाम करने में लगे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हो रही है जो गल्ला मण्डी के साथ खरीदी केन्द्रों पर माल बेचने के लिए पहुंच रहे हैं उन्हें अपना माल पानी से बचाव करने के लिए ढक्कर लाना पड़ रहा है।

### शहर में मौसम ने फिर करवट बदली



बेमौसम वर्षा तब हो रही है जब सबसे अधिक गर्मी इन दिनों में पड़ती थी मई का महीना तीखी गर्मी के लिए जाना जाता है गर्म हवाएं चलती हैं लू, लपट का यही महीना कहलाता है। जिसके कारण लोगों को इसी महीने में गर्मी से बचाव के संसाधन जुटाने पड़ते हैं लेकिन गर्म हवाओं का वह दौर जो मई के महीने में शुरू होना था वह प्रारंभ नहीं हो पाया है। मई का महीना शुरू होते ही मौसम भी बदला हुआ चल रहा है मई के महीने में ही 25 मई से नौ तपा की शुरूआत होती है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह महीना गर्मी के मौसम के लिए कितना महत्वपूर्ण महीना है। कहते हैं कि जितनी गर्मी पड़ती है उतनी अच्छी वर्षा होती है, लेकिन इस तरह के मौसम का मिजाज अकेले अशोकनगर जिले में नहीं है पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह का मौसम चल रहा है। प्रदेश के अन्य साथ अन्य राज्यों में इसी तरह के मौसम की स्थिति बनी हुई है इन दिनों पंखे कूलर का काम कर रहे हैं, तीखी गर्मी से लोगों को निजात मिली है लेकिन सोमवार को बिजली के जाने के बाद लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि इसी टाइम नगरपालिका लोगों को पानी का प्रदाय करती है और उसी समय बिजली चली जाती है जिससे लोगों को पानी की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में लोग परेशान हैं क्योंकि वैसे ही नगरपालिका एक दिन बाद पानी का प्रदाय करती है और उसमें भी बिजली चली जाए तो पानी का प्रदाय प्रभावित हो जाता है। इस तरह की उपभोक्ताओं की शिकायत है।

## यहां कुछ भी तो नहीं बदला, जो 20 साल पहले था वैसा ही सबकुछ आज भी

# शहर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे

**हर बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है लेकिन नए निर्णय कोई कुछ नहीं होते,**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है, हर बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती है लेकिन नए निर्णय कोई कुछ नहीं होते जो शहर 20 साल पहले था वैसा ही शहर आज भी है।

अशोकनगर जिला मुख्यालय का शहर है इस शहर में यातायात की व्यवस्थाएं बेहतर होने की जरूरत है लेकिन व्यवस्थाएं बेहतर नहीं हो पा रही हैं। प्रशासन प्रयास करता है तमाम तरह के निर्णय यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में लिए जाते हैं लेकिन होता कुछ नहीं है।

स्थिति यह है कि शहर में आम आदमी की संख्या बड़ी है वहां बड़े हैं लेकिन यातायात सुरक्षा के बेहतर प्रबंध नहीं हो पाए हैं, शहर में नए मार्गों का निर्माण नहीं हो पाया है जो मार्ग है बरसों पुराने वहीं मार्ग हैं। नए मार्ग बनाने की दिशा में हर शहर में कोई न कोई निर्णय लिया जाता है लेकिन इस शहर में कोई निर्णय नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण लोग उन्ही बर्षों पुराने मार्गो से आ जा रहे हैं। रेल लाईन के दोनों ओर अशोकनगर शहर बसा है इसलिए इस शहर को दोनों ओर से आने वाले लोगों के लिए बेहतर यातायात की जरूरत है।



### बड़ा ओवर ब्रिज 36 साल पुराना, चैड़ाई भी कम, मरम्मत की जरूरत

अशोकनगर शहर में कहने के लिए दो ओवर ब्रिज और एक अंडर ब्रिज है जिससे यातायात रेल पटरियों के दोनों और आता जाता है बड़े ओवर ब्रिज की चैड़ाई कम है इसकी चैड़ाई बनाना जरूरी है तथा यह ब्रिज 36 साल पुराना हो गया है इस पुराने हुए ब्रिज को मरम्मत की जरूरत है इस पर कई जगह चूहों ने गड्ढे भी कर दिए थे लेकिन आज तक इस दिशा में ब्रिज को चैड़ा करने का कोई प्रयास हुआ और न ही कोई नए प्रयास किए गए हैं। जिसके कारण यह पुल अधिक संख्या में निकलने वाले वाहनों के लिए समस्या का कारण बना हुआ हैं।

### अशोकनगर शहर में मार्गो पर कहीं भी संकेतक नहीं है

अशोकनगर शहर में मार्गो पर कहीं भी संकेतक नहीं है चैराहे पर अतिक्रमण है, यह शहर इसलिए उपयोगी और महत्वपूर्ण शहर है क्योंकि इसी शहर से बाहर का यातायात निकलता है। बायपास रोड जो बना था वह शहर के अंदर आ गया है अब एक नए बाईपास की जरूरत है जब तक शहर पर के चारों ओर एक रिंग रोड नहीं बनेगा तब तक शहर को यातायात से मुक्ति नहीं मिल सकती। यहां दो मंडियां हो गई हैं दोनों मंडियों से यातायात एक से दूसरी मंडी में आता जाता है अगर यातायात को विदिशा रोड चुंगी नाका से निकलना बंद कर दिया जाए तथा विदिशा रोड से मोहरी तक जो सड़क बनी है उसी से यातायात निकाला जाए। जिले में कई मार्ग अच्छी सड़कों के रूप में जाने जाते हैं क्योंकी मार्गो पर कई जगह घुमावदार रास्ते भी हैं, चाहे आपको चंदेरी जाना हो तो नसीयर की घाटी से निकलना पड़ता है और अगर आपको चंदेरी से ललितपुर जाना हो तो प्राणपुर की जोखिम भरी घाटी से निकलना पड़ता है और यही स्थिति अशोकनगर से बंगला चैराहा जाने में कोयल घाटी को लेकर ह। इन घाटियों पर घुमावदार रास्ते हैं और दूर-दूर तक गांव नहीं है जिसके कारण कभी कोई वाहन रात में खराब हो जाए और परिवार के लोग हो तब उन्हें बड़ी समस्याओं को सामना करना पड़ता है। इस तरह की यातायात व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है।

### जिन सड़कों से अतिक्रमण हटाया वह सड़कें वैसी की वैसी

तमाम तरह की समाज सेवी संस्थाओं द्वारा यातायात सुरक्षा के लिए औपचारिक रूप से अभियान चलाया जाता है लेकिन न यातायात सुधरता न कोई समस्याओं का निराकरण हो रहा है जिस सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया था और सड़कों पर एक बार फिर से अतिक्रमण हो गया है यह सब औपचारिक कारवाइयां न होकर शहर के सुंदर भविष्य को लेकर की जाना चाहिए ताकि यहां का यातायात बेहतर हो सके।

### गांधी पार्क पर ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी समस्या फिर भी

शहर के गांधी चैक पर बना हुआ ब्रिज कम चैड़ाई में बना है यह ब्रिज जनता के लिए उपयोगी जरूर है लेकिन पैदल जाने वाले लोगों के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं है। ब्रिज के ऊपर से बाहर ही जा सकते हैं पैदल चलने वाले लोगों के लिए यहां व्यवस्था होना चाहिए। इसी पुल के नीचे एक अंडर ब्रिज भी बना हुआ है जो रेलवे की भूमि में बना है लेकिन इस ब्रिज पर हालत सबसे ज्यादा खराब हैं। आसपास के घरों के रहने वाले लोगों का पूरा पानी इस ब्रिज के अंदर आता है, इस ब्रिज के ऊपर पानी भर जाए तो नीचे गिरता रहता है और वर्षा काल में अंदर पानी भरने के बाद लोग पानी से निकलते रहते हैं। रेलवे ने यहां अंडर ब्रिज को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन घटिया निर्माण किया गया। सांसद सिंधिया ने कहा था कि अंडर ब्रिज को देखने के लिए आएंगे लेकिन वह भी देखने नहीं आए।



### रेलवे स्टेशन से अंडरब्रिज को जोड़ने के लिए मार्ग बनाने की मांग

शहर में रेलवे स्टेशन से अगर आना हो तो एक मात्र गांधी पार्क होकर आने वाला मार्ग है जबकि सीधे अंडरब्रिज से जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया था कि स्टेशन से सीधा अंडरब्रिंरज को जोड़ने का मार्ग खोला जाए लेकिन यह मार्ग नहीं बन पाया। यहां राजनीतिक प्रयासों की जरूरत है यह प्रयास विधायक स्तर से लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से संभव है। लेकिन उनके द्वारा इस तरह की कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं जिसके कारण यह अंडर ब्रिज तक मार्ग नहीं खुल पा रहा है। अगर यह मार्ग खुलता है तो शहर में आने जाने वाले लोगों को सुविधा हो सकेगी।

## चिकित्सकों पर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव

# 5 घंटे की मैराथन जांच के बाद छोटे कर्मचारियों पर गिराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में बीते षनिवार को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम के बाद जब एक आदिवासी किशोरी के षव को घर तक ले जाने के लिए कोई षव वाहन उपलब्ध नहीं हुआ तो किशोरी के परिजन षव को कपड़े में लपेटकर हाथों में उठाकर ले जाने मजबूर हो गए थे। इस घटना के बाद षनिवार देर षाम प्रषासन हरकत में आया।

कलेक्टर साकेत मालवीय स्वंय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी, एसडीएम इसरार खान, सीबीएमओ डॉ. अजय जाटव सहित सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. वायएस तोमर, ड्यूटी डॉक्टर राज सिंह राजपूत को तलब किया। कलेक्टर द्वारा रात में करीब 5 घंटे तक मामले की जांच की गई और सभी के बयान लिए गए। रविवार सुबह प्रषासन द्वारा प्रेसनोट जारी कर घटना के संबंध में कार्रवाई की जानकारी दी गई, जिसमें छोटे कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है वहीं डॉक्टरों पर अनुषासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं सीबीएमओ द्वारा मृतिका के परिजन को 10 दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है।

प्रषासनिक कार्रवाई के अनुसार संस्था प्रभारी डॉ वाय.एस तोमर एवं डॉ राज सिंह राजपूत पर

### वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं किया गया सूचित

जांच में सामने आया है कि डॉ. राजसिंह राजपूत से मृतक के परिजनों द्वारा शव वाहन की कोई मांग नहीं की गई। वहीं डॉक्टर ने भी स्वंय के स्तर पर परिजनो से शव वाहन की आवश्यकता के बारे में कोई पूछताछ नहीं की। इस संबंध में बीएमओ मुंगावली या सीएमएचओ से शव वाहन उपलब्ध कराने हेतु कोई संपर्क नहीं किया गया। घटनाक्रम में राज्य शासन के शव वाहन उपलब्ध कराये जाने संबंधित मानक प्रोटोकॉल का पालन नही किया जाना पाया गया। जिसमें संस्था प्रभारी और तत्समय उपस्थित कर्मचारियों की लापरवाही बताई गई है।

**बिगड़ीं अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं** एक साथ तीन कर्मचारियों के हटने के कारण बहादुरपुर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं जरूर ठप्प हो गई हैं। क्योंकि इस अस्पताल में पहले से ही कई पद रिक्त हैं। प्रषासन द्वारा जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, असल में सारी व्यवस्थाओं का जिम्मा उन्ही पर था। सीबीएमओ डॉ. जाटव का कहना था कि एक-दिन में अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था हो जाएगी।

#### इनका कहना है

'स्पष्ट रूप से लापरवाही की गई है जिस पर हमने कार्रवाई भी की है। पोस्टमार्टम बहुत ही संवेदनषील मुद्दा है, उसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही होती है तो वह बहुत ही गलत बात है।

**साकेत मालवीय** कलेक्टर अषोकनगर।

# थाना देहात पुलिस ने किया नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 2 मई को फरियादी ने अपनी नाबालिग पुत्री (उम्र लगभग 13 वर्ष 04 माह) को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज



कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा द्वारा टीम गठित कर विवेचना प्रारम्भ की गई। विवेचना के दौरान ही 2 मई को अपहृत बालिका को दस्तयाब कर उसके कथन दर्ज किए गए। 3 मई 2026 को प्रकरण के आरोपी सूरज उर्फ सूर्या पुत्र विधि आदिवासी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सेसई, थाना रन्नौद, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# दिव्यांग व्यापारी से डकैती की रकम समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना पिपरई द्वारा दिव्यांग व्यापारी के साथ हुई डकैती की घटना के 10 हजार के शेष 02 इनामी आरोरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 29,30 अप्रेल की दरम्यानी रात फरियादी बृजमोहन सिंह यादव की रिपोर्ट लेख कराई कि वह अपनी कृषि उपज (मटर) को ललितपुर मंडी में विक्रय कर प्राप्त 1,55,500 रुपये लेकर वापस लौटते समय ग्राम नानौन-गरेंठी मार्ग पर आरोपियों द्वारा सुनसान स्थान पर रोककर मारपीट करते हुए उक्त राशि लूट ली गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 118/26 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल टीम गठित कर थाना प्रभारी पिपरई को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 2 मई को पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये घटना का खुलासा करते हुये आरोपी राहुल यादव पुत्र लाखन सिंह यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम रेंपरी थाना कचनार, रविन्द्र यादव पुत्र मलखान सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम रेंपरी थाना कचनार, भरत सिंह यादव पुत्र संग्राम सिंह यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम परसौली थाना कचनार एवं शिवजीत सिंह यादव पुत्र हरनाम सिंह यादव उम्र 19 साल निवासी ग्राम महुआखेडा थाना कचनार को गिरफ्तार कर उक्त आरोपियों से लूटी गई राशि में से 1,00,000 रुपये बरामद घटना में प्रयुक्त पिकअप क्रमांक एमपी 09 जीएच 1576, इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं कार क्रमांक एमपी 67 सी 4664 जब्त की गई थी।

# 18 दिन में 12 फांसी, 3 नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अषोकनगर

जिले में फांसी लगाकर आत्म हत्या की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं, 16 अप्रेल से 03 मई तक 12 फांसी लगाने की घटनाएं जिले में हुई हैं, जिनमें 3 नाबालिग शामिल हैं। बच्चों के साथ कोई तनाव या अन्य कारण नहीं होते इस तरह के कारण युवाओं या अधिक उम्र के लोगों के साथ हो सकते हैं, लेकिन बढ़ती इन फांसी की घटनाओं को लेकर भी इनके कारण खोजे जाने चाहिए।

19 अप्रेल को 13 साल 9 माह की बालिका अल्फिया बी निवासी तमाषा ने फांसी लगाकर खुदकुषी कर ली थी। इसी प्रकार 21 अप्रेल को ग्राम बामौर हुर्रा थाना चंदेरी निवासी परमाल आदिवासी उम्र 16 साल ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी और अब यह तीसरी घटना खैरोना कला में सामने आई है जिसमें एक आदिवासी बालिका ने फांसी लगा ली है। जबकि अन्य घटनाओं में 16 अप्रेल को भूपेन्द्र आदिवासी उम्र 25 साल निवासी इमली पुरा रूपगढ थाना कदवाया, 16 अप्रेल को ही मिश्रो बाई पत्नि भूपेन्द्र आदिवासी निवासी इमलीपुरा रूपगढ, 18 अप्रेल को समरथ पुत्र प्रकाष जाटव उम्र 32 साल निवासी ग्राम केलारस थाना शाढौरा, 18 अप्रेल को संटूराजा उम्र 21 साल निवासी पठारी थाना सेहराई, 25 अप्रेल को संजना रघुवंषी उम्र 25 साल निवासी अमरौद बददू थाना नईसरायं, 26 अप्रेल को देवेन्द्र परिहार उम्र 40 साल निवासी डुंगासरा थाना नईसरायं, 27 अप्रेल को राहुल अहिरवार उम्र 29 साल निवासी बहेरिया ईसागढ, 30 अप्रेल को मोहन आदिवासी उम्र 30 साल निवासी कालीटोर थाना ईसागढ, 2 मई को अज्ञात 60 साल के व्यक्ति द्वारा मुंगावली थाने के अंतर्गत फांसी लगाने की घटना सामने आई थीं।

## कलेक्टर ने समय सीमा बैठक के दौरान अधिकारी व कर्मचारियों को दी चेतावनी

# नॉट अटेंड सीएम हेल्पलाईन शिकायतों वाले विभागों पर पैनल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के अंतर्गत लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों को अटेण्ड किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों द्वारा शिकायतों को अटेण्ड नही किया जायेगा,उन विभागों पर पेनल्टी लगाई जायेगी।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिग में आवश्यक सुधार लाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण नही करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाएं। उन्होंने जनगणना 2027 हेतु मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने जनसुनवाई के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित आवेदनों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण किया जाए। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं,चना,मसूर के उपार्जन की प्रगति की समीक्षा की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग, फसलों की खरीदी, परिवहन,भण्डारण एवं भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्र पर किसानों से उपार्जित फसल की पोर्टल पर ऑनलाईन दर्ज की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिस उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटो की आवश्यकता है,उन केन्द्रों पर तौल कांटो संख्या बढाई जाए। जिससे किसानों की फसल तुलाई समय सीमा में हो सके। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी वर्षाऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में क्षतिग्रस्त स्कूलों, आंगनवाडियों एवं छात्रावासों का संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर चिन्हित किए जाए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुंवशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी,सिविल सर्जन डॉ.भूपेन्द्र सिंह शिखावत सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में एनआरसी में भर्ती होने वाले शिशुओं के भर्ती पर्चे निरूशुल्क बनाये जाने की अनुशंसा की गई। ट्रामा सेंटर में स्थापित लिफ्ट रिपेयरिंग एवं वार्षिक रखरखाव में आने वाले व्यय के संबंध में तथा जिला चिकित्सालय में केन्द्रीयकृत कंट्रोल रूम स्थापित कर संचालन हेतु आयुक्त को बजट मांगपत्र एवं डीओ लेटर भेजे जाने हेतु निर्देशित किया। रिकॉर्ड रूम में रिकॉर्ड के सुरक्षित संधारण हेतु 20 हैवी रैक क्रय किये जाने के संबंध आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। एम्बुलेंस वाहन एएलएस हेतु 15 रूपये प्रति किलोमीटर तथा बीएलएस वाहन में 10 रूपये प्रति किलोमीटर के मान से रोगियों को रेफरल हेतु सहमति प्रदान की गई। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए समस्त वार्डो के कूलर,पंखे दुरूस्त कराये जाने के निर्देश एवं एसी क्रय किये जाने की सहमति प्रदान की गई।